# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट(सोनभद्र) ।

पत्रांक– 3334 /रेनुकूट/ 15 दिनांक,रेनकूट,अप्रैल– 22 2017

सेवा में,

**मुख्य वन संरक्षक**
**मीरजापुर क्षेत्र**
**मीरजापुर ।**

**विषयः–** जनपद–सोनभद्र के रेनकूट वन प्रभाग अन्तर्गत रेनुसागर पावर कम्पनी, रेनुसागर –सोनभद्र को ऐश डिस्पोजल यार्ड के निर्माण हेतु शासनादेश दिनांक– 21.06.1999 द्वारा लीज पर दी गयी 61.2348 हे. आरक्षित वन भूमि को दिनांक– 20.06.2009 से 10 वर्षो हेतु लीज का नवीनीकरण ।

संदर्भः– वाईस प्रेसिडेन्ट, मे. रेनुसागर पावर डिवीजन, रेनुसागर–सोनभद्र का पत्र संख्या– एच.आर. 940 दिनांक– 11.04.2017

महोदय,

अवगत कराना है कि मे. रेनुसागर पावर कम्पनी लि. रेनुसागर–सोनभद्र ने अपने पत्र संख्या– वी.पी. (एम)/20–ए दिनांक– 10.03.1991 के माध्यम से 61.2348 हे. वन भूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव प्रेषित किया गया था उक्त प्रस्ताव का भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय सी.जी.ओ. कम्पलेक्स लोदी रोड नई दिल्ली द्वारा, परीक्षणोपरान्त अपने आदेश संख्या– 8–5/93–एफ.सी. दिनांक– 22.02.1999 के माध्यम से 61.2348 हे. वन भूमि वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत हस्तान्तरित करने की स्वीकृति प्रदान की गयी । भारत सरकार द्वारा जारी उक्त आदेश के कम में उ.प्र. सरकार ने भी अपने आदेश संख्या– 2464/14–2–99–911/1992 दिनांक– 21 जून 1999 द्वारा कतिपय शर्तो के अधीन आदेश जारी किया गया तथा पुनः उक्त आदेश में दिनांक– 17 सितम्बर 1999 एवं दिनांक–19 नवम्बर 1999 को संशोधित आदेश जारी किया गया ।

उक्त आदेश के अनुसार प्रश्नगत 61.2348 हे. वन भूमि की लीज अवधि दिनांक– 20.06.2009 को समाप्त होने के पूर्व ही रेनुसागर पावर कम्पनी, रेनुसागर–सोनभद्र द्वारा लीज नवीनीकरण का प्रस्ताव प्रभाग में दिनांक– 14.01.2009 को उपलब्ध करायी गयी थी , जिसे उच्च स्तर के माध्यम से भारत सरकार की सेवा में प्रेषित की गयी । प्रेषित प्रस्ताव का परीक्षाणोपरान्त भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली ने अपने पत्र संख्या– एफ.नं. 8–05/1993–एफ.सी.(पी.टी) दिनांक– 13.02.2017 द्वारा 22(बाईस) शर्तो के अधीन सैद्धान्तिक स्वीकृति आदेश जारी किया गया है । सैद्धान्तिक स्वीकृति आदेश के अनुपालन में वांछित धनराशि ई–पोरटल के माध्यम से कैम्पा में जमा कराया जाना है । उक्त हेतु संस्थान द्वारा प्रस्ताव की ऑन लाईन फीडिंग कराते हुए संदर्भित पत्र के माध्यम से फार्म–बी पार्ट–। की प्रति रेनुकूट वन प्रभाग में दिनांक–12.04.2017 को उपलब्ध करायी गयी है । उक्त प्रस्ताव का अधोहस्ताक्षरी द्वारा निरीक्षण किया गया । निरीक्षणोपरान्त निरीक्षण रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में तैयार कराते हुए प्रस्ताव की ऑन लाईन फीडिंग कराते हुए रिपोर्ट संस्तुति सहित अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

**<u>संलग्नकः–उपरोक्तानुसार</u>** ।

भवदीय

(तुलसीदास)
प्रभागीय वनाधिकारी
रेनुकूट वन प्रभाग, रेनुकूट

संख्या– अ/सम दिनांकित ।

प्रतिलिपि वाईस प्रेसिडेन्ट, मे. रेनुसागर पावर डिवीजन, रेनुसागर–सोनभद्र को उनके पत्र संख्या– एच.आर. 940 दिनांक– 11.04.2017 के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

(तुलसीदास)
प्रभागीय वनाधिकारी
रेनुकूट वन प्रभाग, रेनुकूट